Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Rathod Shri Harisingh Nasaru

an>

Title : Need to relax percentage for OBC's in National Eligibility Test.

श्री हरिभाऊ राठौड़ (यवतमाल) : महोदय, यूजीसी ग्रांट कमीशन द्वारा कालेजों और यूनिवर्सिटियों के लैक्चरर उपलब्ध कराए जाते हैं। उसके लिए एक एलीजिबल टेस्ट होता है, जिसे नेशनल एजूकेशन टेस्ट (नेट) कहा जाता है, उसी तरह से राज्यों में भी स्टेट एजूकेशन टेस्ट (सेट) होता है। यह नेट और सेट के नाम से पूरे देश में जाना जाता cè[MSOffice150]।

इस एग्ज़ाम के लिए मास्टर डिग्री और इक्विलैंट में 55 प्रतिशत नम्बर होने बहुत जरूरी हैं, लेकिन एससी, एसटी के लिए 5 प्रतिशत की छूट दी गई है। पास होने के लिए भी एससी, एसटी के लिए यही छूट है। लेकिन महाराट्र में शैडयूल्ड डीनोटिफाइड एंड नोमैडिक ट्राइब्स एक सैक्शन है जो ओबीसी से हटकर है। महाराट्र में एक क्षेत्र ऐसा है जहां चार बैकवर्ड क्लास के शैडयूल्स हैं - शैडयूल्ड कास्ट्स, शैडयूल्ड ट्राइब्स, शैडयूल्ड डीनोटिफाइड एंड नोमैडिक ट्राइब्स और ओबीसी। ...(व्यवधान) यह बहुत महत्वपूर्ण ईशू है जिसे अभी तक किसी ने रेज़ नहीं किया है। आपके माध्यम से मुझे काफी समय बाद बोलने का मौका मिला है।...(व्यवधान) आजादी के 58 साल बाद भी यहां कोई डीनोटिफाइड एंड नोमैडिक ट्राइब्स की बात कर रहा है। इस बारे में बताने के लिए इस देश और संसद ने मौका नहीं दिया। मुझे आपके और जनता के माध्यम से इस बारे में बोलने का मौका मिला है। यह 15 करोड़ लोगों की बात है।...(व्यवधान) आप एससी और एसटी के लोगों को जो कनसेशन दे रहे हैं, इसे पूरे देश के ओबीसी लोगों को भी देना चाहिए, खासकर महाराट्र के डीनोटिफाइड एंड नोमैडिक ट्राइब्स को भी देना चाहिए। धन्यवाद। ...(व्यवधान)